JOTI JOURNAL

Silver Jubilee Edition (BI-MONTHLY)

APRIL 2020

Silver Jubilee Year 1994-2019

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY

HIGH COURT OF MADHYA PRADESH, JABALPUR - 482 007

JOTI JOURNAL APRIL - 2020

SUBJECT- INDEX

PART-I
(ARTICLES & MISC.)

PART-II
(NOTES ON IMPORTANT JUDGMENTS)

PART – III
(CIRCULARS/NOTIFICATIONS)

PART – IV
(IMPORTANT CENTRAL/STATE ACTS & AMENDMENTS)

EDITORIAL

Esteemed Readers,

When we presented the early 2020 issue of the JOTI Journal, no one comprehended what the outbreak of the novel Corona Virus pandemic that has spawned the COVID-19 respiratory disease throughout the country in the weeks to come. A couple of months later, life as we know, fundamentally changed. The *mantras* of today are 'stay at home, stay safe' and 'social distancing'. It has significantly impacted the man's affairs. State authorities banned individual free movement and gathering of people. Territorial borders are closed. Normal social life and work has come to a screeching halt. Consequently, we are compelled by this nature's anarchic to postpone our educational programmes scheduled in the months of April and May this year.

Not to mention that, to avoid the conglomeration of participants in the venues in abidance with the preventative directions issued by the Government, we suspended not just the major events of the Academy but also some other regular activities including the primary one, that is, First Phase Institutional Induction Training Course for the newly appointed 155 Civil Judges (Entry Level) after completion of their initial field training. Similarly, specialized training programmes on Negotiable Instruments Act, which were to be conducted at regional levels at Guna and Ujjain were also postponed. Eduational Programmes at Forensic Science Laboratory, Sagar and Medico Legal Institute, Bhopal were also deferred. The training courses for ministerial staff conducted at district level are also affected.

This COVID-19 has not only crippled the academic calendar, but thwarted our jubilation too. As we all know that the Academy, as a part of its Silver Jubilee celebration, had planned a programme of Directors' Retreat that was to be held on 21st & 22nd March at Jabalpur and was also set to feature the Hon'ble President of India had kind enough to accept our invitation to inaugurate the function. With the persistent efforts of our Hon'ble Chief Justice, the preparations were well underway for this one-of-a-kind event, but this viral epidemic stopped us to make history.

We are collectively in a situation in which we have no experience and for which we have limited preparation. How we were able to accomplish the tasks of the Academy despite such times of grave danger is surely

going to be lauded in the coming years, but it is not without its losses that bring a little sorrow to us. We are looking at viable alternate methods to keep the Academy functional despite everything that is trying to slow it down. We will come up with a plan for conducting the induction courses and other educational programmes keeping in mind that it is at the least at par with the traditional methods of the functions of this Academy if not better.

To say that, we are disappointed in how events turned out would be an understatement. However, the entire nation felt the tremors and the immediate aftershocks of the mass pandemic, the Judiciary had never seen such a slowdown in forever. Functioning of all the Courts was suspended which caused a massive setback to our bandwagon of Justice Dispensation System which slowed it down exponentially. But it is nature of a juggernaut that once you get it moving, it is very difficult to slow it down. Granted, we are currently in one of the most perplexing times the world collectively is facing, but we will get back on track very soon, and the only reason I believe so, is because humans are relentless in their pursuit of survival and will end up finding one way or another to restore normalcy in the bleakest and the most difficult of situations.

Amidst this lock-down, that may be for the period unbeknownst, a lot of things has stagnated from progressing. But, there is a wide range of information and knowledge available all around us. That list should not contain our scope of knowledge. We have a lot of time on our hands at this point, so it may be utilized by focussing all of it at various sources of knowledge at one's disposal.

Lastly, this Journal is only as good as long as we receive constructive criticism and feedback on its previous iterations. Which means that this Journal is not a one sided effort, but a collaborative task between the author and the reader. Feedback from the esteemed readers is of preponderating value to us. Kindly drop in a comment or suggestion and we would like to integrate it into our next issue of this Bi-monthly.

I hope all of you are doing well. In these testing times, I expect each one of you is taking good care of yourself and the people around you.

Ramkumar Choubey
Director

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR



Training Programme for Ministerial Staff of District Court, Bhopal
(29.02.2020 to 02.03.2020)



Training Programme for Ministerial Staff of District Court, Damoh
(29.02.2020 to 02.03.2020)

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR

Training Programme for Ministerial Staff of District Court, Khandwa
(29.02.2020 to 02.03.2020)

Training Programme for Ministerial Staff of District Court, Rewa
(02.03.2020 to 04.03.2020)

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR

Training Programme for Ministerial Staff of District Court, Anuppur
(03.03.2020 to 05.03.2020)



Training Programme for Ministerial Staff of District Court, Indore
(05.03.2020 to 07.03.2020)

MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR

Training Programme for Ministerial Staff of District Court, Mandla
(14.03.2020 to 16.03.2020)

Training Programme for Ministerial Staff of District Court, Singrauli
(14.03.2020 to 16.03.2020)

PART - I

JUDICIAL ETHICS, NORMS AND BEHAVIOUR*

Justice Sujoy Paul
Judge, High Court of Madhya Pradesh

सर्वप्रथम मैं आप सभी को भारत की न्याय व्यवस्था का अंग बनने पर बधाईयाँ और शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ। आज हम आपके दायित्व व अधिकारों के विषय में चर्चा करेंगे।

जब युद्ध होता है तो युद्ध का परिणाम सम्पत्ति एवं प्राण–प्रतिष्ठा की हानि के रूप में हो सकता है। एक मुकदमे का अन्त भी सम्पत्ति, प्रतिष्ठा या प्राण की हानि के रूप में हो सकता है। जो युद्ध होता है वह दो राष्ट्रों व दो सेनाओं के बीच होता है लेकिन जो मुकदमा होता है, वह दो व्यक्तियों या दो पक्षकारों के बीच में होता है। युद्ध में और प्रकरण में फर्क यह है कि युद्ध का फैसला करने के लिये कोई अलग से न्यायाधीश या एम्पायर नहीं होता है, प्राणों की हानि/सम्पत्ति की हानि या किसी एक सेना के घुटने टेक देने से आमतौर पर किसी युद्ध का अन्त होता है लेकिन एक प्रकरण का अन्त आपके द्वारा किये गये फैसले से होता है जिससे किसी की प्रतिष्ठा, जिससे किसी की सम्पत्ति, भूमि या प्राणों की भी हानि हो सकती है तो यह एक बड़ा संवेदनशील कार्य है जिसका दायित्व आप पर दिया गया है। यह कहा जाता है कि न्यायाधीश का कार्य आमतौर पर दूसरों से भिन्न इसलिये भी है कि न्यायाधीश आमतौर पर वो काम रोज करते हैं जिसे करने से दूसरे लोग आमतौर पर परहेज करते हैं। वह काम है निर्णय लेना, फैसला लेना। लोग निर्णय लेने से आमतौर पर कतराते हैं और यह हमारा रोजमर्रा का कार्य है कि हमको किसी न किसी विषय पर रोज निर्णय लेना है तो एक महती जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। आपके career की शुरुआत है, आपके पास बहुत सारी शक्तियाँ होंगी, आपके बहुत सारे दायित्व होंगे। इन शक्तियों और दायित्वों का कैसा निर्वहन करना है ये हमारा आज का प्रश्न है – Judicial ethics and norms के बारे में। विषय पर आने से ठीक पहले मैं यह सोचता हूँ कि जो न्याय की अवधारणा है हमारे देश में उसके बारे में थोड़ा आपका ध्यान आकर्षित करूं। न्याय की जो अवधारणा हमारे ग्रंथों में अगर हम जायें पुरातन भारत के तो एक बहुत पुरातन ग्रंथ 'नारद स्मृति' में यह लिखा है कि;

> ''न्यायालय, न्यायालय नहीं है अगर उसमें प्रबुद्धजन नहीं हैं, प्रबुद्धजन, प्रबुद्धजन नहीं हैं अगर वे धर्म का पालन नहीं करते। धर्म, धर्म नहीं है अगर, वह सत्य का पालन नहीं करता और सत्य, सत्य नहीं है अगर उसमें मिश्रण किया जाता है।''

अगर आप 'शान्ति पर्व' में राजा–वेणा को जो शपथ दिलाई गई उसको पढ़ें तो पहले मैं यहाँ आपको विराम देकर याद दिलाना चाहता हूँ कि उस काल में जो राजा होता था वह न्यायाधीश का कार्य भी करता था। राजा–वेणा को यह शपथ दिलाई गई कि तुम अपनी जनता की उसी तरह रक्षा करोगे और उनसे ठीक उसी प्रकार से व्यवहार करोगे जिस तरह का व्यवहार कोई सृजन करने वाला अपने द्वारा सृजित की गई वस्तु के साथ करता है। तुम दण्ड नीति के हिसाब से लोगों को दण्ड दोगे

---

* Edited script of the recorded lecture delivered by His Lordship on the topic "Judicial Ethics, Norms and Behaviour" on 07.09.2019 during First Phase Induction Course for Civil Judges Class-II (2019 Batch) in the Academy.

न कि अपने मनमाने ढंग से। आमतौर पर हम यह समझते हैं कि राजा निरंकुश होते थे लेकिन जो राजा उस समय चक्रवर्ती सम्राट होते थे या उनसे ऊपर कोई अंकुश नहीं होता था उस पर भी धर्म का अंकुश लगाया गया था कि आप जो भी दण्ड अधिरोपित करोगे वह न्याय के अनुसार करोगे। अशोक के समय भी इसके शिलालेख मिलते हैं, हमारी स्मृतियों में भी इसका जिक्र है। जो अगला उद्धरण है वह एक और ग्रंथ 'कामान्डाख्या नीति शास्त्र' का है जिसमें कहा गया कि;

''न्यायाधीश का काम कुटिल अधिकारी, चोर, राजशत्रु, राज परिवार के सदस्य और राजा तक के लोभ से लोगों की रक्षा करना है।''

अगर हम इसको ऐतिहासिक और पुरातन संदर्भ में देखें तो हमारे यहाँ जो न्याय की धारणा है वह यह है कि न्याय न्यायाधीश का धर्म है और न्याय सर्वोपरि है। आमतौर पर जो यूरोपियन अवधारणा है कि king can do no wrong, राजा से कोई त्रुटि नहीं होती है, यह धारणा भारत में कभी भी नहीं रही। राजा से भी यह अपेक्षा की गई कि वह धर्म का पालन करेगा तो आज हम और आप जो चर्चा करने जा रहे हैं वह चर्चा मूलतः इस धर्म के बारे में है।

अगर हम ऐतिहासिक और पुरातन संदर्भ में, धर्म के बारे में सोचें, तो धर्म का एक दूसरा अर्थ था। आज उसको बहुत संकीर्ण करके संप्रदाय के रूप में माना जाने लगा है कि धर्म याने किसी संप्रदाय से उसका आशय है, लेकिन धर्म को हमारे पुरातन भारत में गुण, धर्म या लक्षण के रूप में माना जाता था कि किसी का गुण क्या है उसको उसका धर्म कहा जाता था। जैसे यह कहा जाता था कि अग्नि का धर्म है जलाना, बर्फ का धर्म है शीतल करना, पानी का धर्म है तृष्णा मिटाना, सैनिक का धर्म है प्राण देकर भी राष्ट्र की रक्षा करना, चिकित्सक का धर्म है कि वह सर्वोत्तम ढंग से अपने मरीज का उपचार करे, न्यायाधीश का धर्म है कि वह प्रकरण के गुण–दोषों पर आधारित होकर और अन्य किसी भी बात से पूरी तरह से विरक्त होकर प्रकरण का फैसला करे। यह 'धर्म' हमारी जो quality है, जो हमारी प्रकृति या लक्षण है उससे संबंधित था। अगर चिकित्सक किसी रोगी की वह चिकित्सा कर दे जो उसका मर्ज ही नहीं। वह दवा के कमीशन के लिए उसको वह दवाईयाँ दे दे जिसकी उसको आवश्यकता ही नहीं। सैनिक शत्रु से मिल जाये, न्यायाधीश किसी पक्षकार से मिल जायें, तो यह अनीति और अधर्म का कार्य होगा और हम सारे लोग एक व्यक्ति के रूप में, एक न्यायाधीश के रूप में, एक व्यक्तिगत नागरिक के रूप में अपने–अपने धर्म का पालन किस प्रकार से करते हैं, मेरे मत में इससे हमारे व्यक्तित्व या चरित्र का निर्धारण होता है। हमारी संस्था के बहुसंख्यक सदस्य किस प्रकार से इस धर्म का पालन करते हैं इससे हमारी संस्था के चरित्र का निर्धारण होता है, institutional behavior के बारे में लोगों की धारणा बनती है। मैं आपको एक छोटा सा उदाहरण देना चाहता हूँ। हमारे देश के एक प्रदेश में जहाँ बहुत ऊहापोह की स्थिति बनी रही वहाँ के वीडियो और समाचार आपने देखे होंगे कि लोग मुँह पर पट्टियाँ बांधे हुये हैं, वहाँ खड़े हुये सैनिक को गालियॉ दे रहे हैं, गोलियां चला रहे हैं, और उन कठिन परिस्थितियों में भी वह सैनिक जिसके हाथ में एक ऐसी बन्दूक है, एक ऐसा हथियार है कि वह पाँच मिनिट में पांच सौ लोगों की जान ले सकता है, वह अपनी समता नहीं खोता है, वह अपनी equanimity नहीं खोता है। वह क्रोध को कर्तव्य पर हावी नहीं होने देता है। वह अपने धर्म का पालन करने से नहीं चूकता है। वह सारी गालियों और गोलियों के बीच में निस्पृह भाव से खड़ा रहता है और उसी प्रदेश में जब बारिश होती है, बाढ़ आती है तो वह लोगों को घरों

से निकालता है, उनके प्राणों की रक्षा करता है, उनको भोजन पहुँचाता है, उनको औषधि पहुँचाता है तो इस तरह से जो वह धर्म का निर्वहन करता है और पूरी संस्था में जिस तरह से बहुसंख्यक सैनिक उस धर्म का निर्वाह करते हैं उससे सेना का institutional behaviour तय होता है और इसीलिये लोग श्रद्धा करते हैं। कर्फ्यू लगता है तो लोग कहते हैं कि सेना आ गई है, अब कोई दिक्कत नहीं होगी। हमारे सामने दो चुनौतियाँ हैं, पहला अपने खुद के धर्म का पालन करना जो हमारे व्यक्तित्व और चरित्र को निखारेगा और उसका निर्धारण करेगा और दूसरा कि हम सारे लोग किस प्रकार से धर्म का पालन करते हैं उससे वो institution जिसका आप हिस्सा बनने जा रहे हैं उसके बारे में लोगों की धारणा बनेगी। आप सब पर निजी और सामूहिक तौर पर, मैं इसमें अपने आपको भी शामिल करता हूँ, जिम्मेदारी है कि हम इस institutional behaviour और इस institutional character को strengthen करें, इसको मजबूती दें।

थोड़ा सा विषयान्तर करते हुये जो बिल्कुल अप्रासंगिक भी नहीं है, मैं यह कहना चाहता हूँ कि किसी देश की ताकत, उसकी शक्ति, उसमें मौजूद पर्वत श्रृंखलाओं की ऊंचाई, समुद्र की गहराई, खनिज पदार्थो की संख्या, जलाशयों की प्रचुरता से तय नहीं होती। किसी राष्ट्र की ताकत उसके नागरिकों के चरित्र से तय होती है। कोई देश जो प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण हो पर उसके नागरिकों का चरित्र खोखला हो तो इतिहास हमें यह बताता है कि उस देश का हमेशा शोषण किया गया। इसलिये आज हमारे सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है कि हम as a judge and as a citizen of India किस तरह से अपने character या चरित्र को strengthen करें।

मेरा एक बड़ा प्रिय वाक्य है, जिसका मैं अक्सर जिक्र करता हूँ, उद्धरित करता हूँ। जब 1949 में भारत के संविधान की रचना के लिये चिन्तन मंथन हो रहा था सभी के मन में एक प्रश्न था कि हमारा संविधान ऐसा बनना चाहिये कि उसमें कोई त्रुटि न हो। पूरे दुनिया के देशों के संविधान खंगाले जा रहे थे, उनके सर्वोत्तम प्रावधानों को किस तरह से समाहित किया जाए इस पर चर्चा हो रही थी। आप सभी जानते हैं कि संविधान सभा में बी.एन. राव, डॉ. अम्बेडकर जैसे बड़े–बड़े विधिवेत्ता थे। बी.एन. राव ने तो अनेक देशों के संविधान विशेषज्ञों से बात करने के लिये पूरी दुनिया की यात्रा भी की। बी.एन. राव जब कनाडा और अमेरिका गये तो अमेरिकन Supreme Court के चीफ जस्टिस से उन्होंने चर्चा की। जब वह वहाँ से लौटकर आये तो अमेरिका के राष्ट्रपति ने अमेरिका के चीफ जस्टिस से पूछा कि आप अमेरिका के Supreme Court के लिये किसी Judge का नाम recommend करिए। चीफ जस्टिस ने यह कहा कि अगर मेरे वश में होता तो मैं हिन्दुस्तान के jurist बी.एन. राव का नाम अमेरिकन Supreme Court के Judge के लिये recommend करता क्योंकि उनको अमेरिकन Supreme Court और अमेरिकन संविधान की इतनी समझ है जितनी हमारे यहाँ भी कम लोगों को है। ये मैं सिर्फ इस उद्देश्य से बता रहा हूँ कि इस प्रतिभा व मेघा के लोग संविधान सभा में थे। संविधान सभा में जब चर्चा हुई कि कैसा संविधान होना चाहिये तो डॉ. अम्बेडकर ने एक बड़ा अद्भुत जवाब दिया मैं उसको उद्धरित करना चाहूंगा। डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि अगर हम एक बहुत अच्छा संविधान भी बना लें पर उस संविधान को अमल में लाने वाली शक्तियाँ अगर दुर्बल और चरित्रहीन होंगी तो हमें अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे। हमने अगर थोड़ा कमजोर संविधान भी बना लिया पर उसको अमल में लाने वाली शक्तियाँ अगर चरित्रवान और समर्पित होंगी तो हमको बहुत अच्छे नतीजे आयेंगे क्योंकि संविधान स्वयं कोई कार्य नहीं करता ये उसको अमल में लाने वाली शक्तियों

की integrity और devotion पर निर्भर करता है कि हमको कैसे परिणाम मिलेंगे। यह statement आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

हम आप जो इस judiciary का हिस्सा बन गये हैं तो हम उस स्तंभ का हिस्सा हैं, जिसका दायित्व संविधान की रक्षा करना है। हर नागरिक का दायित्व है पर judiciary का खास तौर पर है। Judiciary के members पर इस बात का दायित्व है कि हम किस प्रकार से इस धर्म का पालन करते हैं। थोड़े बदले हुये संदर्भ के साथ Supreme Court ने एक नया doctrine develop किया। उन्होंने कहा constitutional morality. इस संवैधानिक नैतिकता के विषय में Supreme Court ने कहा कि आप के ऊपर देश के कानून और संविधान ने, देश के संवैधानिक धर्म ने जो जिम्मेदारी दी है, हम उसका किस प्रकार से निर्वाह करते हैं यह हमारी constitutional morality हमारी strength पर निर्भर करता है।

हमारे देश की judiciary का इतिहास आप पढ़ेंगे तो पायेंगे कि एक उज्जवल इतिहास है। भारत की Supreme Court दुनिया की उन सबसे ताकतवर Supreme Courts में शामिल है, जिसने लोगों की constitutional, fundamental और human rights की हमेशा रक्षा की है। Article 14, 16 और fundamental rights की इस तरह से व्याख्या की है कि लगभग हर क्षेत्र को उसमें उन्होंने शामिल कर दिया है। उन्होंने environment, principles of natural justice को, arbitrariness को scope of judicial review में ला दिया है और ऐसा नहीं है कि आप लोग जो अभी lower Judiciary से अपनी यात्रा शुरू कर रहे हैं, इस संविधान का आपके लिये कोई अर्थ नहीं है। आप किसी को जमानत देंगे अथवा नहीं देगें, आप किसी को रिमाण्ड पर देगें, नहीं देगें, आप किसी को डिक्री देंगे नहीं देंगे, आप किसी का फैसला जल्दी करेंगे उसको रोक के रखेंगे, विलम्ब करेंगे, हर बात में उस व्यक्ति का कोई न कोई मौलिक या संवैधानिक अधिकार समाहित है तो आपका हर action भारत के संविधान से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है इसको समझने की जरूरत है। इस Constitutional philosophy को समझने की जरूरत है। आप एक रोजमर्रा का routine काम नहीं कर रहे है जो एक कम्प्यूटर भी कर सकता है। आप constitutional philosophy के हिसाब से judicial review कर रहे है; किसी action का या किसी क्लेम का। इस परिप्रेक्ष्य में हमको सारी चीजों को देखने की जरुरत है।

जिस समृद्ध इतिहास की बात मैं कर रहा था, उस संबंध में दो छोटे–छोटे उदाहरण आपको देना चाहता हूँ। एक हमारे संविधान से पहले का है, 18वीं शताब्दी का। उस समय जो न्यायाधीश की नियुक्ति होती थी वह राजा की मर्जी से होती थी, राजा नियुक्त करते थे। एक पेशवा ने रामशास्त्री नाम के व्यक्ति को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया। राजा के परिवार में सत्ता को लेकर संघर्ष हुआ और उसमें जो सत्ता के दावेदार थे, उनकी राज परिवार के लोगों ने हत्या कर दी। रामशास्त्री जी के सामने उसकी trial चली और राम शास्त्री ने उस परिवार के लोगों को दोषी करार दिया। अपने फैसले में कहा कि हत्या राजपरिवार के लोगों ने की है। 18वीं शताब्दी में, जब उनकी खुद की नियुक्ति राजा द्वारा की गई थी लेकिन उस समय के कानूनी प्रावधानों के अनुसार दण्ड को अधिरोपित करने का अधिकार राजा के पास होता था, इसलिये राजा ने उस दण्ड को अधिरोपित नहीं किया। रामशास्त्री अपने पद से त्याग पत्र देकर अपने गांव चले गये लेकिन जनता इस बात से इतनी असंतुष्ट हुई कि उसमें विद्रोह हो गया और राजा को अपना पद त्यागना पड़ा।

दूसरा फैसला हम सबके लिये इसलिये भी गर्व का विषय है कि वो फैसला मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय से उद्भूत हुआ। A.D.M. Jabalpur/Habeaus Corpus case के बारे में सब जानते हैं कि हिन्दुस्तान की नौ High Courts ने ये कहा था कि जो fundamental rights हैं वो emergency में अगर suspend हो भी जावें तब भी भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 में जो extraordinary power है उसके तहत, High Court emergency के दौरान भी सरकार से पूछ सकती है कि आखिर इस citizen को क्यों निरुद्ध कर रखा है, detain कर रखा है। ये फैसले Supreme Court के सामने चुनौती का विषय बने और Supreme Court ने अपने majority decision से उस फैसले को उलट दिया। उस फैसले में एक असहमति का नोट है। जिसे आप सभी जानते है कि Hon'ble Justice H.R. Khanna का है जिनका नाम आज सबकी जबान पर है। आप शायद यह नहीं बता पायेंगे कि जो majority view था इसमें कौन–कौन Judges थे लेकिन एक Judge जो human rights, fundamental rights, constitutional value के लिये खड़े हुये, उनका नाम सबकी जबान पर है। Justice H.R. Khanna ने अपनी आत्मकथा 'Neither Roses nor Throns' में एक घटना का जिक्र किया है कि जब वह फैसला लिख रहे थे और अपने परिवार के साथ हरिद्वार में नदी के तट पर अवकाश के दिन बैठे थे तो उन्होंने अपनी बहिन से कहा कि संतोष मैं एक फैसला लिख रहा हूँ जिसकी कीमत हो सकता है मुझे भारत के मुख्य न्यायाधिपति के पद से वंचित होकर चुकानी पड़े। आपको सबको मालूम है कि उसके बाद वह supersede हुए। मैं recommend करूंगा कि आप सबको उस किताब को अवश्य पढ़ना चाहिये। जस्टिस एच.आर. खन्ना के उस असहमति के फैसले को आप सभी जानते हैं कि बाद में Supreme Court ने माना कि वह view सही था। ADM Jabalpur का फैसला जबलपुर से गया और जस्टिस खन्ना ने, जो एक डेढ़ महीने बाद Chief Justice of India बनने वाले थे उन्होंने अपने पद का, अपने कैरियर का ध्यान न रख कर Constitution के favour में, fundamental rights के favour में फैसला दिया। हम सब, आप सब उस परम्परा के वाहक हैं। मैं बल देकर आप से कहना चाहता हूँ कि हम सब, आप सब उस परम्परा के वाहक हैं और इसलिये हर क्षण जब आप as a Judge काम करते हैं या जब आप समाज में रहते हैं तो इस बात का ध्यान रखना है कि हम Judge हैं। हम 24x7 Judge हैं, 365 दिन Judge हैं। हम जब robes धारण करते हैं और अपने डायस पर बैठते हैं या उससे उतर जाते हैं सिर्फ तब Judge नहीं हैं। हम 24 घण्टे, सातों दिन, 365 दिन Judge हैं। जब तक हम Judge के पद को धारण करते हैं, हमारा conduct हमेशा public gaze में है, सब लोगों की नजरों में है, और लोग आपसे एक बिल्कुल भिन्न तरह के आचरण की अपेक्षा करते हैं। बहुत सारी चीजें जो हो सकता है कि यूं, पूरी तरह से अनैतिक न कही जा सकें, परन्तु Judge से एक अलग अपेक्षा की जाती है क्योंकि आपको इसी समाज में लोगों को न्याय देना है, इसलिये लोगों का विश्वास आपके conduct से हमेशा बना रहे, ये एक बड़ी महत्वपूर्ण बात है।

विराम लेते हुए मैं एक बड़ा रोचक उदाहरण आपको देना चाहता हूँ यहां पर, कि जब लोकप्रिय सीरियल रामायण चलता था और उसको लोग इतनी बड़ी तादाद में देखते थे कि जिस समय वह चलता था तो ऐसा लगता था कि नगर में कर्फ्यू लग गया है। उसमें राम की भूमिका अरूण गोविल नाम के एक अभिनेता निभा रहे थे। जब शूटिंग हुई और दो scene के बीच में समय था तो अरूण गोविल बैक स्टेज पर चले गये और चाय और सिगरेट पी रहे थे। वहाँ जितने cameraman, technician

Spotmen थे वो सब लोग आ गये और उन्होंने कहा कि आप राम की वेशभूषा में है, यह शोभा नहीं देता आपको कि आप सिगरेट पी रहे हैं। वह बोले कि भाई मैं अरूण गोविल हूँ मैं राम तो हूँ नहीं। लोग बोले लेकिन अभी आप राम की भूमिका में हैं, आप मर्यादा पुरूषोत्तम की भूमिका में हैं, इसलिये आप सिगरेट नहीं पी सकते। मैं सिर्फ आपको यह कहना चाहता हूँ कि अगर आप इसे बिल्कुल technical रूप से देखेंगे तो आपको लगेगा कि सिगरेट पी ली तो ऐसा कौन सा अनैतिक कार्य कर लिया है तो वह अरूण गोविल ही है मगर आप जिस भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं वो भूमिका Judge की है और आप जब डायस पर नहीं भी हैं तो लोग आपको Judge की निगाहों से देखते हैं। इसको 24 घण्टे, सातों दिन, इसको पूरे कॅरियर में याद रखिये अपने हर conduct के लिये।

अभी तक मैं जो बातें आप से कर रहा था, आपको लग सकता है कि कुछ दार्शनिक या सैद्धांतिक बातें हैं पर मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि ये सैद्धांतिक बातें नहीं हैं ये एक physical reality है, एक वास्तविक सच्चाई। इसको सिर्फ महसूस करने की जरूरत है। मैं एक आध्यात्मिक चिन्तक को पढ़ रहा था। उन्होंने एक बड़ा अच्छा उदाहरण दिया कि हम जो वायु उत्सर्जित करते हैं, अपने श्वांस के जरिये, exhale करते हैं, वो कार्बनडायऑक्साईड होती है और वायु जो हम exhale करते है, उसको वृक्ष inhale करते हैं और वह बदले में हमें ऑक्सीजन देते हैं। इस तरह से ये एक परस्पर निर्भरता है और यह क्रम चलता रहता है कि जिस दूषित वायु को हम उत्सर्जित करते हैं, उसे वह शुद्ध करके हमको वापस कर देते हैं। इसको अगर हम अनुभूति के स्तर पर महसूस करें तो क्या हम को ये पाठ्यक्रम में पढ़ाने की आवश्यकता है कि वृक्ष मत काटिये, वृक्ष लगाईये, प्रकृति की रक्षा करिये क्योंकि हम इसको अनुभूति के स्तर पर नहीं महसूस करते इसलिये हमको लगता है यह कोई principle हमको पढ़ाया जा रहा है। उसी तरह मैं आपको कहना चाह रहा हूँ कि ये जो बाते धर्म के बारे में मैं कह रहा था, यह कोई principle की बात नहीं है, ये धर्म की बात है। धर्म यानि आपकी प्रकृति, आपका मूल लक्षण या गुण। क्या आप किसी ऐसे चिकित्सक को चिकित्सक के रूप में देखना चाहेंगे जो आपकी वो चिकित्सा कर दे जो आपका मर्ज़ ही नहीं। क्या आप किसी ऐसे व्यक्ति को सैनिक नियुक्त करना चाहेगें जिसके किसी दूसरे देश से मिल जाने की संभावना हो। क्या आप किसी को ऐसा शासक देखना चाहेंगे जो देश में व्यवस्था कायम करने की बजाए देश में अव्यवस्था पैदा करने वालों की शरणस्थली बन जाये। आप नहीं देखना चाहेंगे। यह एक physical reality है तो इसको हम कैसे जीते हैं, इससे यह तय होगा कि हम किस प्रकृति के Judge हैं और हम अपने institution के development के लिये, कैसे काम करते हैं लोगों में उसके बारे में क्या धारणा बनाते हैं।

अब यह जो पक्ष मैंने आपके सामने रखा, यह नैतिक पक्ष था। इस ethical पक्ष को किस तरह से अमल में लाया जाये, कैसे इसको अमली जामा पहनाया जाये इसके लिये norms बनाये गये हैं। पूरी दुनिया के Supreme Court Judges ने Bangalore में एक Declaration पारित किया। सभी Judges उसके बारे में जानते ही हैं जिसे Bangalore Declaration के रूप में पूरे विश्व में जाना जाता है और पूरे विश्व की judiciary से ये अपेक्षा की जाती है कि वह Bangalore Declaration का पालन करें। मैं इसको पढ़ना नहीं चाहूँगा। मैं इसके important points के बारे में थोड़ा आपसे चर्चा करना चाहूँगा। First point जो आपके सामने स्क्रीन पर हैं इसमें जो सबसे महत्वपूर्ण चीज है वो behaviour है। इस वाक्य पर बहुत जोर दिया गया है कि "Justice must

not merely be done but it must also be seen to be done". यह न्यायालय में आपके व्यवहार और आचरण के विषय में है। ये कहा गया है कि 'न्याय होना ही नहीं चाहिये बल्कि न्याय होते हुए दिखना भी चाहिये'।

दूसरा बहुत important पक्ष है उस पर आने से पहले मैं आपसे प्रश्न करना चाहता हूँ कि judiciary की सबसे बड़ी ताकत क्या है? Correct answer is the faith of people, trust of the people on you. यह कहा जाता है कि judiciary does not have a sword or a purse. हमारे पास न तलवार है और न बटुआ है, यानि हमारे पास कोई कोष नहीं है, हमारे पास कोई treasury नहीं है। हमारे पास जो सबसे बड़ी ताकत है, वह है लोगों का भरोसा। लोगों का न्याय व्यवस्था पर विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूँजी है। हमारी ताकत, हमारे बारे में लोगों का सम्मान इस पर निर्भर करेगा कि लोगों का हमारे system पर कितने दिनों तक और कितना विश्वास बना रहता है। इस भरोसे को बनाये रखने के लिये निजी तौर पर और सामूहिक तौर पर सबको प्रयास करने की जरूरत है। यहाँ पर विराम लेते हुए मैं आपको बता दूँ कि इसमें Supreme Court और High Court जरूर लिखा हुआ है लेकिन यह सभी न्यायाधीशों पर लागू है।

ये सामान्य norms हैं, आप देख सकते हैं कि you are not suppose to contest any election of the club, society or association etc. Close association with individual members of the bar particularly those who practice in your court is to be eschewed. You should practice a degree of aloofness disassociated. आपके परिवार के लोग आपके पति–पत्नी, पुत्र–पुत्रियाँ और नज़दीकी रिश्तेदार हैं, वो आपके सामने appear न हों या किसी भी तरह से आप उनको favour न करें। आपका जो Official Bungalow है उसका कोई भी relative, legal या professional work के लिए इस्तेमाल न करें। ये बड़ा महत्वपूर्ण है कि आपको एक 'degree of aloofness' बना कर रखना चाहिये। इसको बड़े सोचे–समझे ढंग से, बड़े मंथन के बाद इस्तेमाल किया गया। A Judge should practice a 'degree of aloofness', क्योंकि हम सब लोग Judge होने के बावजूद भी सामाजिक प्राणी हैं। हम 100 प्रतिशत अलग–थलग नहीं रह सकते हैं।

हम लोगों को भी शादी ब्याह में जाना पड़ता है, हमको भी जन्मदिन समारोह आदि में जाना पड़ता है लेकिन 'degree of aloofness' है वो बड़ा important expression है कि जब आप किसी social function में भी जाते हैं तो भी आपका जो व्यवहार होता है उसमें किस प्रकार से आप aloofness को maintain करते हैं। हमको किसी अहंकार से भर जाने की जरूरत नहीं है कि कोई हमारा बचपन का मित्र आये तो भी हम उससे हाथ भी न मिलायें, लेकिन यह सब करते हुए भी हमारे व्यवहार में, हमारे व्यक्तित्व में एक इस तरह का भाव होना चाहिये कि हमारा जो न्यायिक काम है, हमारे माता–पिता को और हमारी संतान के मन में भी यह विचार नहीं आना चाहिये कि हम इनसे न्यायिक कार्य में किसी किस्म का लाभ या favour ले सकते हैं। आप उनकी पूरी सेवा करिये, आप उनसे पूरी मित्रता निभाईये, मगर अपने व्यक्तित्व से, अपने चरित्र से, अपने व्यवहार से धीरे–धीरे, समय लगेगा लेकिन उनमें ये भावना ये समझ धीरे–धीरे विकसित हो जाएगी कि judicial work के मामले में आप uncompromising हैं, आप impeccable हैं। उसमें आपसे कोई किसी किस्म के लाभ की, favour की उम्मीद नहीं की जा सकती। अगर ये आप अपने व्यक्तित्व में ले आते हैं, aloofness

अपने आप maintain हो जाती है। आप अपने अनुभव से यह पायेंगे कि बहुत सारे लोग आपसे निकटता सिर्फ इसलिये बनाना चाहते हैं या वे अपने आपको आपका प्रशंसक बताते हैं और प्रशंसा आमतौर पर सभी को अच्छी लगती है क्योंकि वे आपसे कोई favour लेना चाहते हैं। उस स्थिति में हम अपने व्यवहार से, कितनी दृढ़ता से धीरे–धीरे लोगों में यह संदेश देते हैं, बिना अपनी विनम्रता को खोये कि अपने judicial work के बारे में हम uncompromising हैं यह आपकी छवि के निर्माण में मूल कारक होगा।

आज के संदर्भ में यह बहुत महत्वपूर्ण है– "A Judge shall not enter into the public debate or express his views in public on political matters or on matters that are pending or are likly to arise for judicial determination." आज हममें से ज्यादातर लोग किसी whatsapp group में, Facebook आदि से जुड़े हुए हैं। बहुत सारे मुद्दे ऐसे हैं जिस पर social media में comments होते हैं। Facebook पर comments होते हैं। कई बार जानते हुए और कई बार अनजाने में हम उस पर कोई comment कर देते हैं। अगर आप judicial history उठाकर देखेंगे तो आप पायेंगे कि इस तरह के comments करने पर litigation हुआ है। Judge ने किसी Rotary के function में या किसी debate में, किसी विषय पर कोई view express कर दिया और बाद में coincidently उस विषय से जुड़ा हुआ कोई litigation उसकी court में आया तो एक application आती है कि since you have already expressed your view इसलिये हमें आपके न्यायालय से न्याय होने की अपेक्षा नहीं है। आज आप जिस शहर में पदस्थ हैं, वहाँ हो सकता है कि, कोई बड़ा ही heinous child rape का incident हो जाए और आपका कोई family member आपको एक मैसेज भेज दे कि आरोपी को फाँसी पर लटका देना चाहिये। अभी trial शुरू भी नहीं हुई हैं। आप टिप्पणी करते हैं – "yes I agree" या सहमति सूचक अंगूठे का चिन्ह भेजते हैं। This comment आज के दिनों में जिसके बारे में प्रोफेसर हेरारी कहते है कि ''निजता'' अतीत का विषय बन गई है। आप आज artificial intelligence के दौर में हैं। मैं आपको सावधान करना चाहता हूँ कि हम जिस दौर में आगे बढ़ रह रहे हैं और जिस तेजी में artificial intelligence or cyber bullying और ये चीजें बढ़ रह रही हैं, कोई बड़ी बात नहीं है कि आपका ये comment भी कहीं से किसी के domain में आ जाये और वह कल आपकी court में आपके खिलाफ इस्तेमाल हो। मैं एक छोटा सा उदाहरण देना चाहता हूँ, जिससे आप पता लगा सकते है कि artificial intelligence की ताकत कितनी तेजी से बढ़ रही है। 1997 में बोरिस कास्पारोव विश्व शतरंज विजेता थे उनको कम्प्यूटर ने हरा दिया। मानव जाति जो शतरंज को अपना सर्वश्रेष्ठ बुद्धि का खेल समझती थी और उस पर अपना एकाधिकार समझती थी उसके विश्व चैम्पियन ने 1997 में पराजय हासिल की। उस कम्प्यूटर को जिसने बोरिस कास्पारोव को हराया था उसको एक और कम्प्यूटर ने हरा दिया। पहले कम्प्यूटर की जो ताकत थी, वह 80,000 move per minutes की थी, और जिस कम्प्यूटर ने उस को हराया उसकी ताकत थी, 40 लाख moves per minutes, और interestingly, इस कम्प्यूटर को हाल ही में एक तीसरे कम्प्यूटर ने हरा दिया जिसकी ताकत है 80 लाख movements per minutes है और इसको हराने के लिये उसे कुछ प्रशिक्षण नहीं देना पड़ा। दोनों कम्प्यूटरों को आमने–सामने रखा गया। उनमें से एक ने अपनी artificial intelligence से ये क्षमता दो घन्टे में हासिल की। Judges से मैं खासतौर पर ये कहना चाहता हूँ कि हमको यह ध्यान रखना चाहिये कि

ये जो technology है ये हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन होना चाहिये हमारी research का औजार होना चाहिये, हमारी ज्ञान वृद्धि का जरिया होना चाहिये। ये कोई हमारे लिए नशा न हो जाए। हम addict न हो जायें। इतना कि हमको अपने आप पर ये अंकुश ही नहीं रह जाये कि हम उसमें क्या लिख रहे हैं, हम किसको like कर रहे, किसको क्या forward कर रहे हैं।

अगर ये जरूरी सावधानियाँ हम नहीं अपनायेंगे तो बहुत सारी दिक्कतें हमारे सामने आ सकती हैं। यह तो एक पक्ष हुआ जिसमें आपके न्यायालय में ये अर्जी लग सकती है कि इस प्रकरण को आप न सुनें, इसके अलावा ये अर्जी भी लग सकती है कि जिसने अभी ट्राईल होने से पहले ही ये धारणा बना ली कि इस आदमी को फांसी की सजा होनी है वह Judge होने योग्य ही नहीं है। आप ने किसी caste issue पर कोई comment कर दिया सोशल मीडिया में और आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि आप भारत के संविधान की रक्षा करेंगे तो आपके खिलाफ शिकायत हो सकती है। वह शिकायत बाद में प्रमाणित हो या न हो आप अपने उपर एक प्रश्न चिन्ह लगाने का मौका अपनी असावधानी से उसको दे देंगे। आज के दौर में मैं इसको बहुत महत्वपूर्ण समझता हूँ कि political matters में और जो matters कभी आपके सामने आ सकते है या judiciary के सामने आ सकते हैं, publicly बात करते समय सावधानी रखें। Public platforms पर बात करते समय सावधानी रखिए कि आप अन्ततः Judge है। एक बहुत famous quote है कि judges speak through their judgments. मीडिया में जाकर अपनी बात कहने की जरूरत नहीं है और इसे बहुत अच्छा नहीं माना जाता।

आखिर में perks, आपको आपके system ने जो भी सुविधायें उपलब्ध कराई हैं, मसलन आपको घर में एक नौकर की सुविधा है या आपको अपनी कार पार्किंग के लिये एक गैरिज की सुविधा है या आपको अपनी कार के लिये 50 लीटर ईंधन की सुविधा है तो ये भी आपके judicial conduct का हिस्सा है कि आप जितनी सुविधा आपको दी गई है, कानून के द्वारा उससे ज्यादा की अपेक्षा न करें और इस बात से कभी भी प्रभावित न हों कि हमारे system का अमुक व्यक्ति तो दो नौकर रखे हुऐ है, या अमुक के घर में तो दो गैरेज बने हुए हैं। हम सब लोग जिन पर एक ऐसी व्यवस्था का पालन करने का दायित्व दिया गया है कि कुछ भी हो, विधि का शासन हो तो विधि ने जो हमारे लिए निर्धारित किया है अगर हम ही उसका पालन नहीं करेंगे तो हमारे निर्णयों का और हमारे सिस्टम का कौन सम्मान करेगा। मैं एक साधारण सी कहानी से अपनी बात कहना चाहता हूँ जिसमें एक असाधारण संदेश छिपा हुआ है। एक छोटा बच्चा था जिसकी एक बड़ी बुरी आदत थी कि वह बहुत ज्यादा गुड़ खाता था। उसको बहुत सारे चिकित्सकों और मनोचिकित्सकों को भी दिखाया गया कि आखिर क्या समस्या है। कहीं भी फायदा नहीं हुआ और वह चोरी छिपे गुड़ चुराकर खा ही लेता था। उसकी माँ बहुत परेशान रहती थी। उसे पता चला कि कोई एक संत आये हैं और उनके आशीर्वाद से वह ठीक हो सकता है। वे संत के पास गये। उन्होंने पूछा कि क्या दिक्कत है इस बच्चे को? मां ने कहा यह गुड़ बहुत खाता है, इसका स्वयं पर कोई नियंत्रण नहीं है। संत विचार में डूब गये और फिर उन्होंने कहा कि बेटा तुम इसको लेकर सात दिन बाद आना। महिला ने सोचा गुड़ खाने के बारे में ऐसी क्या बात है कि सात दिन बाद फिर आना पड़ेगा पर संत का कहना था तो वह सात दिन के बाद फिर से गई संत के पास और संत ने कहा कि बेटा अभी तुम और सात दिनों के बाद मेरे पास आना। सात दिनों के बाद जब वह फिर गई तो उससे फिर ये कहा गया कि तुम और सात दिनों के बाद आना। जब 21वें दिन वह पहुँची तो संत ने पूछा हाँ बताओ बच्चे को क्या दिक्कत है। बताया

गया स्वामी जी यह गुड़ बहुत खाता है। स्वामी जी ने उसकी ओर देखकर कहा कि बेटा तुम गुड़ खाना छोड़ दो। महिला ने तो सिर पर हाथ ही मार लिया कि ये कहने के लिये आपने 21 दिन का समय लिया गुरूदेव। ये तो हम लोग इसको कब से कह रहे हैं। संत बोले यह बात नहीं है। बात यह है कि जब तुम पहले दिन इसको लेकर आई थी, मुझे यह कहने का नैतिक अधिकार नहीं था क्योंकि मैं खुद भी बहुत गुड़ खाता था। पहले सात दिन में इसे मैं छोड़ नहीं पाया, इसलिये और सात–सात दिन का समय लिया। अब मैं गुड़ से पूरी तरह से निवृत्त हो गया हूँ, अब मैं इसको पूरे अधिकार से कह सकता हूँ कि गुड़ खाना छोड़ दो। यह उद्‌गार सुनके बालक उनके चरणों में गिर गया। उसने कहा कि मैं आज से गुड़ नहीं खाउँगा। जो असाधारण संदेश इस कथा में है, वह यह है कि हमारी जो सबसे बड़ी problem है वह यह है कि हम एक ऐसे देश में है जहाँ पर ज्ञान की कोई कमी नहीं है। सुबह Whatsapp ही खोल लीजिये तो कितना ज्ञान बरसता है, सारी दिक्कत उसको अमली जामा पहनाने की है। इसलिये अम्बेडकरजी की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाह रहा था कि अच्छा संविधान बना लेने से कुछ नहीं होगा। हम अपने आचरण से उसको कैसे अमली जामा पहनाते हैं, इस पर सब कुछ निर्भर करेगा। हम Prevention of Corruption Act का मुकदमा सुनें और उसमें यह तय करें कि जनाब आपकी हैसियत तो एक मोटर साईकल खरीदने की थी आपने कारें कैसे खरीद लीं और आपकी तो दो कमरे का मकान बनाने की हैसियत थी आपने चार मंजिल का मकान कैसे तान लिया। लेकिन हम अपने खुद के व्यवहार में यह उम्मीद करें कि भले हमारी पात्रता एक गैरेज की हो, हमको किसी तरह से पी.डब्ल्यू.डी. को प्रभाव में डालकर या कलेक्टर से बात करके या किसी भी दूसरे तरीके से, हमको दो गैरेज का मकान मिल जाये। धर्म का पालन हम तब कर पायेंगे जब हम उसको जिएंगे। हम सब अपनी भावना में, आत्मा में, आचरण में उसको अमली जामा पहनाएंगे। Bangalore declaration is only a road map. It is a path of rightous behaviour. जो हमारा होना चाहिये। लेकिन इसको समझने के लिए हमको आपको इसे पूरी totality में इसको देखना पड़ेगा।

अब जो अगला पक्ष है वो ethics और norms के बाद behaviour का है। यह उम्मीद की जाती है कि Judge के आचरण में intergrity हो और वह impartial हो। intergrity के बारे में लगभग हम लोगों ने हाल में जो बात की उसमें काफी हद तक यह बिन्दु शामिल है। ये 'impartial' word जो है, वह बहुत व्यापक है। Impartial होना बहुत आसान नहीं है। हम partial सिर्फ तब नहीं हो जाते जब हम सोचे समझे ढंग से किसी को favour करते हैं अपने आचरण से हम अचेतन में भी अगर किसी को favour करते हैं तो भी हम impartial नहीं रहते हैं। मैं बात आपसे 'bias' की कर रहा हूँ। जिसके बारे में Supreme Court ने कहा है कि 'bias is an attitude of mind'. यह हमारी सोच है। हमको भी नहीं मालूम कि हमारी सोच है क्योंकि हम उन आँखों से देख रहे हैं, जिन आँखों ने bias का चश्मा पहना हुआ है। हमारा विश्लेषण उन आँखों से हो रहा है, उस मन से हो रहा है, जिस पर bias की परत चढ़ी हुई है। इसको थोड़ा तफसील से मैं आपसे discuss करना चाहता हूँ। हम में से कोई भी ईमानदारी से ये claim नहीं कर सकता है कि हममें किसी किस्म का कोई bias नहीं है। समाज की विभिन्न भाषाओं से, जातियों से, धर्मों से, भिन्न–भिन्न सामाजिक पृष्ठ भूमियों से हम आते हैं अतः भिन्न–भिन्न धारणायें हमारे मन में होती हैं। कल आपके सामने एक पक्षकार कोई बहुत बड़ी राजनैतिक पार्टी का बहुत दमदार/ताकतवर नेता होगा और दूसरी ओर से एक गरीब इंसान होगा या कोई बहुत ताकतवर शहर का ठेकेदार होगा और दूसरी ओर एक ऐसा आदमी होगा

जिसको उसका फ्लैट नहीं दिया गया है, तो ठेकेदार (कान्ट्रेक्टर) की ओर से जो वकील आयेगा वो बहुत अच्छे वस्त्र धारण किये होगा, बहुत नफीस अंग्रेजी बोल रहा होगा और उसको आपको खुश करने के सारे गुर आते होंगे। Judgment भी प्रस्तुत करेगा पर पहले कहेगा Hon'ble I am not required to cite these judgment because your honour is already aware about it. Whether or not you are aware about it, you will feel happy. "Yes" यह कह रहा है कि हमको सब पता है तो ठीक ही कह रहा है। मैं अपने अनुभव से आपको कहना चाह रहा हूँ कि आपको एक आत्म शोधन यंत्र अपने भीतर लगाने की जरूरत है। हर दिन हर समय आपको लोग यह बोलेंगे कि आपको पहले से ही पता है। कहेंगे कि You have delivered a fantastic Judgment. Your Judgment is marvelous, master piece. अगर हम इस भावना में बह गये, हमको यह पता भी नहीं चलेगा कि कब अंहकार की एक परत हमारे मन और मस्तिष्क पर चढ़ गयी है। हम क्या हैं, हमसे बेहतर हमको कोई नहीं जानता। इसलिए आपको हर दिन अपना परिशोधन करना है। आपको शाम को बैठकर एक बार यह सोचना पड़ेगा कि आज इस case में जो मैंने litigant के साथ या counsel के साथ जो व्यवहार किया, क्या मैं उसको और बेहतर ढंग से नहीं कर सकता था? क्या इससे कहीं यह संदेश तो नहीं गया कि मैंने एक सीनियर एडवोकेट को तो बहुत देर तक सुना पर एक जूनियर एडवोकेट को पूरा समय नहीं दिया? कहीं इसमें यह संदेश तो नहीं गया कि मैं जिस जाति का हूँ उसी जाति का अभिभाषक था या पक्षकार था इसलिये उस प्रकरण को मैंने बड़ी तवज्जो के साथ सुना या फैसला दिया? क्योंकि यह procedural impropriety का जो question है, procedural fairness का question है, उसमें हो सकता है कि दोनों पक्षकारों को पूरी तरह से सुनने के बाद भी आप का निर्णय वही हो जो उनको बिना सुने प्रकरण पढ़ते ही आपके मन में आ गया था। हो सकता है आप इतने होशियार हों, हो सकता है कि वह बिन्दु इस तरह का हो कि पहली बार में ही आपके मन में जो विचार आया, पूरा सुनने के बाद भी वही विचार कायम रहा। परन्तु अगर आप ये कह दें कि सब बकवास है, no-no you have no point Mr. Counsel, what is your next point. वो अभी अपना point आपके सामने रख ही नहीं पा रहा है, वह develop ही नहीं कर पा रहा है और आप उसको कह रहे है no substance .....yes what is your next point? आपकी न्यायालय में बैठे लोग वकील और जो दूसरे हैं, उनके मन मे एक धारणा न्यायालय के प्रति बनेगी कि या तो आप बहुत जल्दबाजी में हैं या आपको सुनने का धैर्य ही नहीं है। आपमें Judge का वह गुण व्यक्तित्व ही नहीं है कि जिसको patiently सुनना है। Socrates ने कितने पहले कहा था कि Judge should hear patiently, तो आपको patiently सुनना है। इसका ये मतलब भी नहीं हैं कि आप कोई रबड़ के पुतले हैं और वहाँ पर वकील जो भी बहस करेगा वह सारी बहस सुनने के लिए आप बाध्य है। You have to maintained a delicate balance. जहाँ वह track से बाहर जा रहे हों, वहाँ बहुत ही संयमित ढंग से कि ''वकील साहब I think this is not the point. You are traveling beyond the brief''. आप दो बार आप interrupt करेंगे तो वह अपने आप brief में आ जायेगें ''yes, I am ready to hear you on any relevant point and for any period of time provided you are on the issue". किस तरह से हम इसे regulate करते हैं कि हमारे न्यायालय में उपस्थित लोगों में यह संदेश जाए कि यहाँ पर जब तक आखिरी शब्द नहीं सुना जाता तब तक फैसला नहीं लिखा जाता। लोगों का आपकी कोर्ट के प्रति faith बढ़े। लोग आयें तो उनको

लगे कि उस कोर्ट का vibration ऐसा है। इसलिये आप किस तरह से कोर्ट को conduct करते हैं, उससे litigant का faith आपके बारे में जो बनता है। आप यह देखेंगे कि किसी पक्षकार ने आपके साथ अभद्रता की, अगर आप उसको carry नहीं करते हैं और उससे अगले प्रकरण में भी उतनी ही समता के साथ, equanimity के साथ behave करते हैं, तो आप पायेंगे कि कुछ दिनों के बाद वह व्यक्ति बदल गया है। मैं एक असाधारण उदाहरण आपको देना चाहता हूँ। आप सभी ने Justice M.C. Chagla का नाम सुना होगा जो Chief Justice बॉम्बे High Court थे। हम Judiciary में उनको बहुत सम्मान के साथ देखते हैं। बॉम्बे High Court के Judges की पार्किंग के सामने High Court ने एक बोर्ड लगा दिया था कि ''parking is reserved for Judges vehicle; No parking for others". वहां के एक बहुत chronic वकील ने एक civil suit file किया declaration के लिये कि ये जो बोर्ड High Court ने लगाया है, उसे High Court को लगाने का कोई jurisdiction नहीं है। यह Municipal Corporation की भूमि है, इसलिये घोषित किया जाये, कि ये Municipal Corporation की भूमि है। High Court से बोर्ड हटाने को कहा जाए। साक्ष्य अंकित करने के लिये Justice M.C. Chagla, the sitting Chief Justice was summoned. पूरी रजिस्ट्री में आप समझ ही सकते हैं कि कैसा हाहाकार मचा होगा, जब उनको समंन करने की बात हुई होगी। Justice M.C. Chagla, the sitting Chief Justice entered the witness box and he was subjected to a brutal and lengthy cross examination. He could withstand the cross-examination and matter हो गया। वह वकील एक महिने बाद Justice M.C. Chagla की कोर्ट में appear हुआ। जब उसकी cause list बार में एक दिन पहले देखी गई तो लोगों को बडा कौतूहल हुआ कि अब कल इनका नम्बर है देखें क्या होने वाला है। यह record पर है, अगर आप 'Legends in Law' पुस्तक पढ़ें, मैं heavily recommend करूँगा सारे Judges को। यूनिर्वसल ने किताब छापी है 'Legends in Law' इसमें आपको इसका जिक्र मिलेगा। मैं इस किताब को इसलिये भी recommend करूँगा कि हम वक्त के किसी दौर में कभी–कभी ऐसा होता है कि हमारे सामने बहुत icons नहीं होते हैं और उस दौर में कभी–कभी हमको history से icons trace करने पड़ते हैं और उनसे ताकत लेनी पड़ती है तो Justice Chagla के सामने जब वो उपस्थित हुआ तो उसको complete patient hearing मिली और there was not a single trace of that incidence in the conduct of Justice Chagla and the Judgment was deliver in his favor in the open court. आप सोचिये उनके बारे में क्या संदेश गया होगा। अगर उन्होंने उसको कह दिया होता कि No, there is no point and you are a fool of first order and I will draw contempt against you, this and that तो क्या धारणा बनी होती। यही कि उस दिन का प्रतिशोध लिया जा रहा है, जो Judge के चरित्र से, धर्म से अपेक्षा नहीं की जाती है। ये बड़ा नाजुक मामला है। ये करना इतना आसान नहीं है। जितना हम सुन रहे हैं तो हमको लगता है। एक वकील जब पहले case में misbehave करता है फिर वो दूसरे case में आता है, तो लग सकता है कि तुमने हमसे misbehave किया था इसलिए दूसरा case injunction देने लायक है तो भी हम नहीं देगें। But this is the thing which we have to develop in our-self कि हम उस चीज को करें। Accountability और simplicity का उदाहरण Justice M.C. Chagla खुद हैं।

Punctuality is also a very important thing और अगर वह गुड़ वाली बात से मैं अपने आपको trace करूं तो किसी अहंकार के रूप में नहीं, एक बड़े भाई के रूप में मैं आपसे अधिकार के साथ कह सकता हूँ कि मैं मई 2011 में Judge बना, आज सितम्बर, 2019 है, मैं सिर्फ चार दिन लेट हुआ जिसमें तीन दिन में दो मिनिट लेट हुआ क्योंकि एक बहुत urgent meeting थी Hon'ble Chief Justice के साथ जो थोड़ी ज्यादा चल गई और एक दिन मैं दो घण्टे लेट हुआ क्योंकि मुझे जिस शहर से आना था उसकी ट्रेन लेट हो गई। आप मेरी कोर्ट में आकर घड़ी मिला सकते हैं, मेरी court के बैठने के time से। मैं यह कोई अहंकार के रूप में नहीं कह रहा हूँ। मैं यह कह रहा हूँ कि punctuality is a very important issue जो लोगों में एक विश्वास पैदा करती है। दूसरा आप पक्षकार या एडवोकेट के angle से उसको देखेंगे कि जब केस लगता है तो किसी व्यक्ति का 3 नम्बर पर case है, किसी का 8 नम्बर पर case है, किसी का 15 नम्बर पर case है, तो वकील और पक्षकार यह सोचते हैं कि पहले मैं 3 नम्बर वाला करूँगा और फिर 8 नम्बर में जाउँगा, फिर मैं 12 नम्बर में जाउँगा। अब 3 नम्बर वाले अगर बैठे ही नहीं समय पर, तो उसका जो पूरा routine है, timetable है वह बिगड़ जाता है। This is very important. अगर आपको पांच मिनिट की देरी हो रही है आने में, तो पांच मिनिट पहले उठिये। सुबह 10 मिनिट पहले उठिये बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा स्वास्थ्य पर। लेकिन इसको habbit में डाल लीजिये। ये सारी चीजें ऐसी हैं जो मैं अपने अनुभव से आपसे कह सकता हूँ कि कोई व्यक्ति अपने career के शुरू के तीन चार–साल में जैसा अपने को ढाल लेता है, उसकी गाड़ी फिर वैसी ही चलती है। मैंने अभी तक नहीं पाया किसी को कि जिसकी पढ़ने लिखने की आदत ही नहीं थी वह दस साल बाद अचानक पढ़ने लिखने लगा। कुछ अपवाद हो सकते हैं पर मैंने तो नहीं पाए।

दूसरा question है, competence और excellence का। यह तो सब हो गया कि हम समय पर बैठेंगे। हम सबके साथ एक जैसा व्यवहार करेंगे। मगर हमको अपने विषय की दक्षता कितनी है। ये competence का question है। To achieve excellence का question है। इसकी केवल Judges से उम्मीद नहीं की गई है। आपमें से कोई बता सकता है कि excellence के बारे में जो उम्मीद संविधान में की गई है वो कहां की गई है? Fundamental duties! हर citizen से यह उम्मीद करती है कि आप अपने field में excellence को achieve करें। तो उस fundamental duty के लिहाज से भी अगर हम देखें तो हमको excellence को achieve करना है। अब इसमें हमारा क्या tradition है इसके मैं उदाहरण आपको देना चाहता हूँ। भारत के संविधान के बारे में एक बड़ी famous पुस्तक है आप सभी ने पढ़ी होगी, Shorter Constitution of India. इसके लेखक का नाम डी.डी. बसू है। Shorter Constitution तो उनकी एक तरह की student edition है वरना जो Constitution की उनकी book है वह लगभग 10–11 volumes में है। आपको शायद न पता हो कि अगर जस्टिस दुर्गादास बसु का बॉयोडॉटा पढ़ेंगे तो पढ़ते ही चले जायेंगे कि Law की डिग्री, संस्कृत की डिग्री, फिर व्याकरण की डिग्री, योग की डिग्री किस विषय के वे विद्वान नहीं थे। वो बार से नहीं आये थे, वो बेंच से आये थे। जब 1950 में भारत का संविधान बना उसके एक–दो साल बाद Cheif Justice बी.के. मुखर्जी थे, जो अपनी विद्वता और अपनी भलमनसाहत के लिये जाने जाते हैं। जस्टिस बी.के. मुखर्जी से डी.डी.बसु साहब ने appointment लिया और वो उनके पास गये। चीफ जस्टिस ने उनसे पूछा yes, gentleman. तो बसु बोले– I am D.D. Basu. I am Munsif in

कूचबिहार District of West Bengal. सबसे छोटी, Judiciary की, first/ initial post. D.D. Basu ने कहा, सर I have written a commentary on the Constitution of India and I came here to give it to you. जस्टिस मुखर्जी ने उन्हें सिर से पैर तक देखा कि ये मुंसिफ है जो चीफ जस्टिस ऑफ इंण्डिया को, Constitution जिसे बने दो साल हुये है, की commentary लिखकर लाये हैं। But Justice B.K. Mukharji a thorough gentleman, said- very well, you leave it. D.D. Basu ने कहा, ''Sir I want some comments also on this from you". तो चीफ जस्टिस मुखर्जी ने कहा you just note down your phone number. I will go through this and if necessary, I will give you a trunk call. उस समय trunk call का जमाना था। एक महीने बाद उनको trunk call मिला कि Chief Justice of India आपको याद कर रहे हैं। डी.डी. बसु जब पहुंचे तो उन्होंने उठकर उनसे हाथ मिलाया और कहा कि you have written a marvelous book. We are hearing a matter in the constitution bench and I was Perturbed about a question but I got answer in your book. मैं आपसे सिर्फ यह बताना चाह रहा हूँ कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस गाँव में पदस्थ है, किस पद पर पदस्थ हैं। it is your urge to achieve the excellence which matters. आज हमारे ये खिलाड़ी हिमादास और अन्य सब निकलकर आ रहे हैं, ये कौन metros और कौन Astroturf में खेल कर आये हैं। टपरों में रहने वाले बच्चे थे। यह इनकी fire है जो इनके भीतर है जो इनको यहाँ लेकर आती है। कोई भी बिना fire के आगे नहीं पहुँच सकता। कोई भी पेड़ बड़ा नहीं हो सकता जब तक उसकी जड़ें गहरी न हो। दूसरा जो उदाहरण है, वह डॉक्टर आशुतोष मुखर्जी का है जो कलकत्ता High Court के Judge थे। उस किताब में आपको इनका भी जिक्र मिलेगा। डॉ. आशुतोष मुखर्जी पहले mathematics पढ़ने लन्दन गये। उन्होंने गणित के सवाल हल करने में वह महारथ दिखाई कि आज भी कुछ थ्योरम्स को आशुतोष मुखर्जी थ्योरम्स कहा जाता है। वहाँ से आये, कलकत्ता यूनिवर्सिटी के Vice Chancellor हुऐ। सी.वी. रमन जिनको नोबल पुरस्कार मिला, उनको उन्होंने कलकत्ता यूनिवर्सिटी में induct किया। आशुतोष मुखर्जी कलकत्ता High Court के Judge बने। उनके classmate थे जिनका नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था। वह स्वामी विवेकानंद के रूप में प्रसिद्ध हुए। उनके सामने एक matter आया जिसमें will थी जो Arabic में लिखी हुई थी और दोनों sides में जो उसके अनुवाद (तरजुमा) फाईल किये थे match नहीं हो रहे थे तो यह difficult था पता लगाना कि इन दोनों में से कौन सा तरजुमा सही है। हाईकोर्ट में कोई Arabic जानने वाला नहीं था। उन्होंने इस केस को adjourn कर दिया। उन्होंने Arabic टीचर लगाया। Arabic country से किताबें हासिल कीं और दो महिने बाद Arabic सीखने के बाद उसका फैसला किया। हो सकता है कि pressure of work आज जितना है, उससे कम रहा हो। लेकिन बात उस अंदर की तड़प की है और न्याय देने की जो मन्शा है उसकी है, कि कैसे उन्होंने कोशिश की। अब जो pressure of work की बात है तो यह भी मुझे लगता है कि कुछ हद तक हमने इसको काल्पनिक तौर पर अपने ऊपर हावी कर लिया है। cases निःसंदेह ज्यादा हैं, pendency ज्यादा है, मगर मिस्टर चौबे डायरेक्टर यहाँ बैठे हैं, चौबे जी जब induct हुऐ होगें Judge के रूप में तो हो सकता है कि स्कूटर से आते हों। कोई Petrol allowance न हो। कोई official quarter नहीं मिलता हो। High Court के Judges पहले एक कार को share करते थे, चार Judges को कार लेकर आती थी। उनकी starting

